नवाचार | डिजिटल शिक्षा से निखर रहा शैक्षणिक परिदृश्य, स्मार्ट क्लास से बढ़ी सीखने की गुणवत्ता

# स्मार्ट क्लास से सरल हुए कठिन पाठ



**नवभारत, कटनी।** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक और अभिनव परिवर्तन देखने को मिल रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में कक्षा 6, 7 और 8 के लिए विशेष रूप से तैयार ई-मटेरियल के माध्यम से स्कूली शिक्षा अब पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर अधिक रोचक, इंटरैक्टिव और प्रभावी बनती जा रही है।

डाइट की टीम द्वारा शनिवार को विकासखंड कटनी के माध्यमिक शाला बरगवां के निरीक्षण के दौरान इस नवाचार का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला, जहां विद्यार्थी स्मार्ट बोर्ड के जरिए आधुनिक तरीके से सीखते नजर आए। डिजिटल सामग्री का सबसे अधिक सकारात्मक प्रभाव गणित जैसे विषयों में देखा गया है। विशेष रूप से ज्यामिति की जटिल अवधारणाएं, जिन्हें पहले समझना चुनौतीपूर्ण होता था, अब स्मार्ट बोर्ड पर दृश्यात्मक प्रस्तुति के माध्यम से सहजता से समझाई जा रही हैं।

रंगीन चित्रों और एनीमेशन की सहायता से विद्यार्थियों की अवधारणाएं अधिक स्पष्ट हो रही हैं, जिससे विषय के प्रति उनकी रुचि भी बढ़ी है।

निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद में यह सामने आया कि अब पढ़ाई बच्चों के लिए बोझ नहीं, बल्कि एक आनंददायक अनुभव बन गई है। विद्यार्थियों के चेहरे पर उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट दिखाई दिया।

वहीं शिक्षकों ने भी ई-मटेरियल को एक प्रभावी शिक्षण साधन बताते हुए कहा कि इससे कठिन पाठों को सरल, आकर्षक और समझने योग्य ढंग से प्रस्तुत करना संभव हुआ है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में डाइट कटनी की यह पहल जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के साथ-साथ डिजिटल साक्षरता को भी बढ़ावा दे रही है। बरगवां की स्मार्ट क्लास व्यवस्था अन्य विद्यालयों के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल बनकर उभरी है, जो आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव का आधार बन सकती है।

## महानदी के संगमघाट में रेत का अवैध उत्खनन

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम भुड़सा में छोटी महानदी के संगमघाट और नौआ घाट पर अवैध रेत खनन और परिवहन का मामला सामने आया है। शनिवार को इस अवैध कारोबार का एक वीडियो सामने आने के बाद रेत का अवैध खनन रोकने का दावा करने वाले अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। सामने आए वीडियो में संगमघाट पर दिनदहाड़े कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियां कतारबद्ध होकर रेत का अवैध परिवहन करती दिख रही हैं। यह दृश्य स्थानीय प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल खड़े करता है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने इस मामले में स्थानीय पुलिस और खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संगम घाट रोड और नौआ घाट पर यह अवैध खनन लंबे समय से चल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार शिकायत के बावजूद अवैध खनन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। इस अवैध गतिविधि के कारण नदी के प्राकृतिक स्वरूप को नुकसान पहुंच रहा है।



## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत

रीठी थाना क्षेत्र के थनौरा गांव के खेत में हुई घटना

**नवभारत, कटनी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत थनोरा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 64 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब महिला खेत में आम बीन रही थीं, तभी वहां पर आकाशीय बिजली गिर गई और उसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए महिला को पहले रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया और फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार सुबह महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम क्षेत्र में मौसम बदला हुआ था। थानोरा गांव निवासी सुशीला बाई पति राजभान अपने खेत में गिरे हुए आम बीन रही थीं। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली उन पर गिर गई। बिजली की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गईं और मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ीं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्हें तत्काल रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम किया और प्रकरण को आगे की विवेचना के लिए रीठी थाना भेज दिया है।

पुलिस ने महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एक नजर में



**मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक का आगमन आज**

**नवभारत, उमरियापान।** भारतीय जनता पार्टी मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक के 28 जून 2026 को सिंलौडी में प्रथम आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। उनके स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ कर दी गई हैं। ग्राम पंचायत सिंलौडी की सरपंच पंचोबाई ने बताया कि प्रदेश संयोजक के प्रथम आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। स्वागत स्थल की सजावट, कार्यकर्ताओं की बैठक, स्वागत द्वार एवं पुष्पवर्षा सहित विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मछुआरा समाज के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी। सरपंच पंचोबाई ने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर प्रदेश संयोजक का भव्य स्वागत करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आगमन क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है और इससे संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

## सड़क में बने डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार कार

कोतवाली थाना क्षेत्र में कटनी नदी के पास हुआ हादसा



**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गायत्री मंदिर के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। आसपास के लोगों ने बताया कि कार की रफ्तार काफी तेज थी, रोड डिवाईडेशन कार्य अधूरा होने के कारण चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। हैरानी की बात ये है कि दुर्घटनाग्रस्त कार पर कोई नंबर प्लेट नहीं है। बिना नंबर की गाड़ी होने के कारण स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। आशंका के चलते पुलिस ने गाड़ी की सर्चिंग हर एंगल से की है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज किया गया।

## व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों, लॉज की फॉयर सेफ्टी की जांच शुरू

नगर निगम की टीम ने सात प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण



**नवभारत, कटनी।** शहरवासियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए निरीक्षण और जागरूकता अभियान चला रहा है। निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देशन में संयुक्त टीम व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों, लॉज, कोचिंग संस्थानों और सार्वजनिक भवनों में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की जांच कर रही है। साथ ही कमियों को दूर कराया जा रहा है। नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियान का उद्देश्य संभावित अग्नि दुर्घटनाओं में जन-धन की हानि रोकना और सुरक्षा संसाधनों को क्रियाशील रखना है। अभियान के दौरान बरगवां क्षेत्र के सात प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। अधिकांश स्थानों पर फायर सिस्टम मिले, लेकिन कुछ जगह नियमित मेंटेनेंस और परीक्षण में कमी पाई गई। कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि एमपी 21 होटल एंड बार, इंडियन कॉफी हाउस, कल्प रेस्टोरेंट, आस्था प्लाजा, विशाल मेगा मार्ट, पंजाब सिंध बैंक और एक्सिस बैंक का निरीक्षण किया गया। संचालकों को उपकरणों का नियमानुसार मेंटेनेंस, सुरक्षा मानकों का पालन और सुधार कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस जारी करने की प्रक्रिया भी चल रही है। नगर निगम के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक उपयोग वाले सभी भवनों और प्रतिष्ठानों में अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता के साथ-साथ उनका नियमित परीक्षण, सुरक्षित निकासी मार्ग, आपातकालीन व्यवस्थाएं सहित अन्य निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है। जन सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रतिष्ठान संचालकों से कहा गया है कि वे अग्नि सुरक्षा को सिर्फ औपचारिकता नहीं मानें, बल्कि इसे जनहित और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी समझें।

## राय कॉलोनी में बगैर अनुमति के कराया जा रहा था निर्माण, पंचनामा बना

निर्माण सामग्री जब्त, नगर निगम ने की कार्रवाई



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा बिना सक्षम अनुमति के नगर के विभिन्न वार्डों में आम नागरिकों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों और भवन अनुज्ञा की शर्तों के विपरीत किए जा रहे निर्माण पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को प्राप्त शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए निगम के अतिक्रमण अमले ने दुगाड़ी नाला के पास स्थित राय कॉलोनी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चार भवनों में बिना सक्षम अनुमति निर्माण कार्य कराया जाना पाया गया। इस पर निगम की टीम ने तत्काल निर्माण कार्य रुकवाते हुए नियमानुसार पंचनामा तैयार किया और निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री जब्त करने की कार्रवाई की। नगर निगम द्वारा संबंधित निर्माणकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि भवन निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व सक्षम प्राधिकारी से विधिवत भवन अनुज्ञा प्राप्त करना अनिवार्य है। आवश्यक अनुमति प्राप्त किए बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य किए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि भवन निर्माण से पूर्व सभी आवश्यक वैधानिक अनुमतियां प्राप्त करें तथा निर्धारित नियमों का पालन करें, ताकि अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके। निगम द्वारा शहर में अनाधिकृत निर्माण कार्यों के विरुद्ध निरीक्षण और कार्रवाई का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## जलभराव रोकने कराई जा रही नाले-नालियों की सफाई



बारिश के दौरान जलजमाव रोकने सफाई अभियान जारी

**नवभारत, कटनी।** बारिश के दौरान शहर में जलजमाव की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा नाले-नालियों की व्यापक स्तर पर सफाई का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। शहर के वार्डों में लगातार नालों, नालियों सहित जल निकासी मार्गों की मशीनों और श्रमिकों के माध्यम से सफाई कराई जा रही है।

सुगम जल निकासी व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए वार्ड क्रमांक 2 स्थित पार्षद गली, जगन्नाथ मंदिर के पास, नई बस्ती के विभिन्न स्थलों, वार्ड क्रमांक 12 स्थित चौधरी बस्ती, बजाज हॉस्पिटल के पास, आधारकाप बस्ती, डॉ सुब्बा राव गली, दुर्गा चौक काली मंदिर के पास, अंबेडकर राज भवन के सामने, नैन्सी स्कूल के पास, गुरुद्वारा के सामने, दादा धाम कालोनी, सहित शहर के अन्य विभिन्न स्थलों के नाले और नालियों की सफाई कराकर जल निकासी की व्यवस्था बनाई गई है। अभियान के तहत नालों में जमा गाद, कचरा, प्लास्टिक सहित अन्य अवरोधों को हटाकर जल प्रवाह को सुचारु बनाया जा रहा है, जिससे बारिश के दौरान पानी का निकासी बेहतर रहे। साथ ही सफाई के बाद निकाले गए मलबे का भी तत्काल उठाव कराया जा रहा है, ताकि दोबारा अवरोध की स्थिति उत्पन्न नहीं हो।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, सीमा आत्मजा श्री घनश्याम दास खर्द नाम परिवर्तन की सूचना से सभी आम एवं खास को सूचित हो कि शादी के बाद मेरा नाम स्नेहा सोहाने पत्नी स्पनिल सोहाने है।
अतः, मुझे स्नेहा सोहाने के नाम से जाने तथा शासकीय अभिलेखों में मेरा नाम स्नेहा सोहाने दर्ज किया जावे।

स्नेहा सोहाने

## निर्माण कार्य शुरू करने से पहले श्रम विभाग को देनी होगी सूचना

नियमों की अनदेखी पर देना होगा जुर्माना, हो सकती है जेल

**नवभारत, कटनी।** निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा, सम्मानजनक कार्य वातावरण और उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए श्रम विभाग ने सख्त कदम उठाए हैं। अब जिले में किसी भी भवन या निर्माण कार्य को प्रारंभ करने से पहले संबंधित नियोजक को श्रम विभाग को इसकी पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरुद्ध जेल और जुर्माने सहित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। श्रम विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, भवन और अन्य संनिर्माण कर्मकार अधिनियम, के तहत किसी भी निर्माण कार्य को प्रारंभ करने से कम से कम 30 दिवस पूर्व संबंधित क्षेत्र के अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक को सूचना देना वैधानिक रूप से आवश्यक है। निर्माण कार्यों की निगरानी, श्रमिकों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए श्रम सेवा पोर्टल और मोबाइल एप के माध्यम से निर्माण स्थल का पंजीयन किया जा रहा है। नियोजकों को निर्माण स्थल का विवरण, कार्यस्थल की लोकेशन, नियोजित श्रमिकों की संख्या और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। इसके साथ ही निर्माण स्थलों पर आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता एवं सुरक्षा अधिकारियों की नियुक्ति भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि श्रमिकों को सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई नियोजक निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व निर्धारित सूचना उपलब्ध नहीं कराता है, तो इसे अधिनियम का उल्लंघन माना जाएगा। ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने पर संबंधित नियोक्ता के विरुद्ध तीन माह तक का कारावास, दो हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों प्रकार की सजा दी जा सकती है। राज्य शासन द्वारा सभी निर्माण एजेंसियों और विभागों को भी निर्देशित किया गया है कि किसी भी निर्माण कार्य की शुरुआत से पहले श्रम विभाग को इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता के लिए श्रम विभाग ने आम नागरिकों से भी सहयोग के लिए कहा है।


## आज से चलेगा विशेष पल्स पोलियो अभियान

**नवभारत, कटनी।** जिले को पोलियो मुक्त बनाने के संकल्प के साथ 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का व्यापक आयोजन किया जाए। अभियान के दौरान जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी 1 लाख 73 हजार 737 बच्चों को पोलियो की दवा की दो बूंद पिलाई जायेगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे रविवार 28 जून को अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं। अभियान की पूरी तैयारी कर ली गई है।









मेला | रोजगार मेले में 535 युवाओं का हुआ चयन, चार करोड़ से अधिक के ऋण किए गए स्वीकृत

## संगम बना उम्मीदों का मंच, रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से सशक्त हुए युवा



**नवभारत, कटनी।** जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को रोशन नगर एनकेजे स्थित शासकीय आईटीआई कटनी में आयोजित 'युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेला' युवाओं के सपनों को नई दिशा देने वाला आयोजन साबित हुआ। एक ही छत के नीचे रोजगार, कौशल, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता के अवसर मिलने से युवाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय, जिला लीड बैंक, शासकीय आईटीआई और उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस मेले में जिले भर से बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता की। मेले में शामिल प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार, चयन प्रक्रिया के बाद 535 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया।

रोजगार मेले में देश और जिले की 23 प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता कर युवाओं को रोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए। श्रीराम लाइफ फाइनेंस, वर्धमान यार्न, एसआईएस सिंगरौली, ट्राइडेंट इंडिया, एचडीएफसी, सहयोग बैंक, सिटी मॉल, आईसेक्ट, रैंड मेरिडियन, महादेव इलेक्ट्रॉनिक सहित अनेक कंपनियों ने युवाओं के साक्षात्कार लिए और उनकी योग्यता के अनुरूप प्रारंभिक चयन किया। रोजगार के अवसर प्राप्त कर चयनित युवाओं के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ दिखाई दिया।

यह मेला अनेक युवाओं के लिए अपने करियर की नई शुरुआत का माध्यम बना। मेले में केवल नौकरी के अवसर ही नहीं, बल्कि स्वरोजगार को भी विशेष प्रोत्साहन दिया गया। उद्योग विभाग द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 4 करोड़ 20 लाख 14 हजार रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इससे अनेक युवा स्वयं का उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे। आयोजन स्थल पर उद्योग विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, अंत्यावसायी विभाग, श्रम विभाग और नगर निगम द्वारा जानकारीपरक स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार योजनाओं, ऋण सुविधाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी सुमन विश्वकर्मा, महाप्रबंधक उद्योग ज्योति सिंह चौहान, आईटीआई और पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।